सर्टिफिकेट पिम प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

मॉड्यूल 15- जल उपभोक्ता समिति को सशक्त करने वाले तत्व

विषय 15.2 महिलाओं की भागीदारी

विषय 15.2
महिलाओं की भागीदारी

मॉड्यूल 15 के विषय:

15.1 अंतर्विभागीय संपर्क

15.2 महिलाओं की भागीदारी

15.3 नेतृत्व

15.4 सामुदायिक गतिशीलता

1. पृष्ठभूमि

जल उपभोक्ता समिति (डब्ल्यू.यू.ए.) सिंचाई प्रबंधन हस्तांतरण (आई.एम.टी.) की रीढ़ हैं, या दूसरे शब्दों में, डब्ल्यू.यू.ए.की सफलता आई.एम.टी. कार्यक्रम की प्रभावशीलता को चिह्नित करता है। देश भर में, डब्ल्यू.यू.ए. का गठन राज्य-विशिष्ट अधिनियमों या मौजूदा अधिनियमों में संशोधनों और कुछ मामलों में सरकारी

अधिसूचना के माध्यम से भी किया जाता है । देश के भीतर, डब्ल्यू.यू.ए. के विकास विभिन्न स्तरों पर हैं । कुछ स्थानों पर वे सफल होते हैं; दूसरी ओर अधिकांश स्थानों पर सफल डब्ल्यू.यू.ए. की स्थापना एक 'कार्य-प्रगति' की तरह है।

अपने अधिकार क्षेत्र में नहर प्रणाली के सामान्य संचालन और रखरखाव (ओ.एंड एम.) के अलावा, कई डब्ल्यू.यू.ए. सिंचाई शुल्क संग्रह में भी लगे हुए हैं। दूसरी ओर, कुछ ' बहुत प्रगतिशील' डब्ल्यू.यू.ए. कई अन्य गतिविधियों में लगे हुए हैं और यह सब उन्हें देश के कई अन्य डब्ल्यू.यू.ए. से अलग बनाया जाता है ।

डब्ल्यू.यू.ए. को मजबूत बनाना एक बहुआयामी मामला है जिसके विभिन्न बहुविषयक और बहु-क्षेत्रीय पहलू हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है। इनमें से कुछ पहलू विशुद्ध रूप से सूचना और जागरूकता से संबंधित हैं, जबकि अन्य वास्तविक जीवन के मामले (केस-स्टडीज) के अध्ययन के माध्यम से प्रेरणा और आत्म-विश्वास से संबंधित हैं:

1. डब्ल्यू.यू.ए. को मजबूत बनाने में सहायता करने वाले पहलुओं पर चर्चा - जागरूकता और जानकारी
2. डब्ल्यू.यू.ए. को एक आत्मनिर्भर और सक्रिय मॉडल बनाने के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए - क्षमता प्रदान करना
3. कुछ वास्तविक जीवन के मामले (केस-स्टडीज) के अध्ययन साझा करते हुए डब्ल्यू.यू.ए. में विश्वास स्थापित करने के लिए के लिए कि, ' हां यह संभव है ' - आत्म विश्वास

इस मॉड्यूल का उद्देश्य उपरोक्त तीनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, जल उपभोक्ता समिति को सशक्त बनाने वाले निम्न लिखित 4 तत्वों पर चर्चा करना है-

1) अंतर्विभागीय संपर्क-
   - कैसे विभिन्न विभाग डब्ल्यू.यू.ए. के लिए उपयोगी हो सकते है
   - सम्बंधित योजनाओं से लाभ

2) महिलाओं की भागीदारी

3) कुशल नेतृत्व

4) सामुदायिक जुड़ाव (समुदाय के एकत्रीकरण के मूल्य)

इस उप-मॉड्यूल में हम महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करेंगे:

महिलाओं की भागीदारी

डब्ल्यू.यू.ए. के मामलों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी एक महत्वपूर्ण पहलू है। महिलाओं की भागीदारी को सक्षम करने के लिए, पहली और महत्वपूर्ण शर्त सभी स्तरों पर, संसाधन उपयोगकर्ताओं और प्रबंधकों के रूप में महिलाओं को मान्यता प्रदान करना है, और महिलाओं को संसाधन और प्रबंधन की स्वीकृति प्रदान करने की जरूरत है । सिंचाई के संदर्भ में महिलाओं को अक्सर अपने पति के समर्थन- स्वरुप में ही माना जाता है, जबकि उनका कार्यभार उससे कहीं अधिक होता है ।

हालांकि हाल ही में, ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने आगे आकर देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में डब्ल्यू.यू.ए. की बेहतरी में योगदान दिया है । ये उदाहरण महिला डब्ल्यू.यू.ए. सदस्यों के लिए उन उत्साहजनक कारकों में से जो उन्हें नेतृत्व करने के लिए प्रेरित कर सकते है । साथ ही साथ ये उदाहरण उनके पुरुष समकक्षों में भी महिलाओं के साथ जिंमेदारी और नेतृत्व साझा करने के लिए उत्साहित करेंगे ।

1) बिहार में पालीगंज वितरिका प्रणाली की डब्ल्यू.यू.ए.

पालीगंज वितरिका प्रणाली पटना नहर की एक शाखा है, जो सोन बैराज (बिहार के रोहतास जिले में) से 75 किमी नीचे की ओर है। इसमें दो उप- वितरिका हैं- चंदोस और भरतपुरा। पालीगंज वितरिका की लंबाई 26.5 किमी है। पालीगंज वितरिका का डिस्चार्ज डिजाइन 180 क्यूसेक है और सी.सी.ए. 12,000 हेक्टेयर

से अधिक है। iska कमांड एरिया पटना और आसपास के जिले के 50 से अधिक गांवों में आता है।

डब्ल्यू.यू.ए. के सदस्यों ने दावा किया कि, महिलाओं ने बकाएदारों पर दबाव बनाकर जुरमाना भरने क लिए मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । पालीगंज वितरिका स्तर पर एक 'महिला प्रकोष्ठ' बनाया गया, जिसne उन किसानों को मनाया जिन्होंने आमतौर पर जल-शुल्क का भुगतान नहीं किया । इस काम में मदद क लिए, ग्राम स्तरीय समितियों (वी.एल.सी.) के सदस्यों को 5% कमीशन का भुगतान किया जिन्होंने शुल्क एकत्र किए। इससे न केवल जल-शुल्क संग्रह में सुधार हुआ है बल्कि वीसी को आर्थिक रूप से भी अधिकार प्राप्त हुआ है।

2) ओडिशा में औली पानी पंचायत

ओडिशा सरकार ने वर्ष 2002 में **पानी** पंचायत अधिनियम बनाया और बाद में राज्य सरकार ने 2008 में इस अधिनियम में संशोधन किया। **पानी** पंचायत अधिनियम में 33 प्रतिशत महिलाओं को चक-स्तर पर आरक्षित करने का प्रावधान है। अनगुल जिले में औली परियोजना को देश की पहली महिला डब्ल्यू.यू.ए. बनने का गौरव प्राप्त हुआ। लखेश्वर **पानी** पंचायत में महिला-किसानों को प्राथमिकता मिल रही है। इस **पानी** पंचायत में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाती हैं। चूंकि **पानी** पंचायत में बेहतर लीडरशिप है और किसानों को **पानी** पंचायत के उद्देश्य स्पष्ट है - इस **पानी** पंचायत को अच्छी तरह से काम करने वाली **पानी** पंचायत आंका गया है ।

3) महाराष्ट्र में वागड़ प्रणाली डब्ल्यू.यू.ए.

1999 से महाराष्ट्र के नासिक जिले में वागड़ परियोजना के अंतर्गत 24 डब्ल्यू.यू.ए. और परियोजना स्तर डब्ल्यू.यू.ए. काम कर रही है। सभी 24 डब्ल्यू.यू.ए. में, 3-3 महिला सदस्य ' डब्ल्यू.यू.ए. सदस्य' (बॉडी मेंबर) के रूप में काम करते हैं। यानी वागड़ परियोजना के तहत सभी डब्ल्यू.यू.ए. में

72 महिलाएं भाग ले रही हैं। वागड़ परियोजना में महिलाएं पॉली हाउस, फ्लोरीकल्चर, सूक्ष्म सिंचाई आदि में शामिल हैं।

4) तेलंगाना में श्रीरामसागर सिंचाई परियोजना डब्ल्यू.यू.ए.

तेलंगाना में श्रीरामसागर सिंचाई परियोजना में एक डब्ल्यू.यू.ए. की महिलाओं ने नहर में अवरोधों को दूर करने और पानी के प्रवाह की रक्षा के लिए आपस में संगठित हुई । इस निगरानी की वजह से पानी की चोरी कम है, एक पुराने पुरुष किसान से बताया कि, "हमने देखा है कि कोई भी शायद इतना दबंग नहीं है की महिलाओं के काम में बाधा डालें और इस बात ने हमारे काम को आसान बना दिया है." एक अन्य महिला ने डब्ल्यू.यू.ए. सदस्यों के बीच पानी से संबंधित संघर्षों को निपटाने में अग्रणी भूमिका निभाई ।

दक्षिण भारतीय टैंकों में संयुक्त सिंचाई करने वाले पारंपरिक रूप से डब्ल्यू.यू.ए. के पुरुष कर्मचारी हैं । कई मामलों में महिलाओं को जल वितरण कार्यों को करते हुए देखा गया है - न कि खुद के रूप में, बल्कि अपने पति की मदद के लिए काम को करते हुए देखा गया है ।

अंत में....

इसलिए यह आशा की जाती है कि, इस अध्याय से प्राप्त उदाहरणों को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यू.यू.ए. के सदस्य और किसान अपनी संस्था मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रति सचेष्ट रहेंगे तथा महिलाओं की प्रबंधन क्षमता का उपयोग करते हुए अपनी संस्था को अगले स्तर तक उठाने के प्रति प्रोत्साहित महसूस करेंगे।

--x--